प्रभात खबर

# छापामारी में नकली शराब व 300 लीटर स्प्रीट जब्त



उत्पाद विभाग और पुलिस ने दारू थाना क्षेत्र में अवैध शराब बनाने की मिनी फैक्टरी का खुलासा किया है. इस मिनी फैक्ट्री से काफी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब बना कर ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर बोतलों में लगा कर बाजार में बेची जाती थी. दो जगहों पर हुई कार्रवाई के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. इन पर शराब के अवैध कारोबार में शामिल होने का आरोप है. दारू थाना क्षेत्र में नकली अंग्रेजी शराब बनाने की सूचना पर उत्पाद विभाग ने 11 अप्रैल को बड़ी कार्रवाई की. विभाग ने दिगवार के कंजिया में छापामारी की, जहां से काफी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब व अन्य सामान जब्त किया गया. 11 अप्रैल की ही देर रात दारू थाना प्रभारी शफीक खान के नेतृत्व में बड़का इरगा के कलोनिया में छापामारी की गयी, जिसमें खेत में बने एक मकान से 300 लीटर स्प्रीट, 10 जार में नकली अंग्रेजी शराब और खाली जारी बरामद किया है. इसके पूर्व झुमरा के जोनहिया, रामदेव खरिका से नकली अंग्रेजी शराब जब्त की जा चुकी है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/hazaribagh/fake-liquor-and-300-liters-of-spirit-seized-during-the-raid